This question paper consists of 18 questions and 8 printed pages.
इस प्रश्न-पत्र में 18 प्रश्न तथा 8 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No. / अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | |

**Code No.** / कोड नं० **34/ISS/2**

**Set/सेट** **A**

916

# HISTORY
# इतिहास
# (315)

Day and Date of Examination ..........
(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators 1. ..........
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)
2. ..........

***General Instructions :***

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the question paper.
2. Please check the question paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the booklet are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. Making any identification mark in the answer-book or writing roll number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
4. Write your Question Booklet Code No. 34/ISS/2, Set A on the answer-book.
5. (a) The question paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :

   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.

   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the answer-book.

   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

*सामान्य अनुदेश :*

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि पुस्तिका के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।
4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र की कोड संख्या 34/ISS/2, सेट A लिखें।
5. (क) प्रश्न-पत्र केवल हिन्दी/अंग्रेजी में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिन्धी।

   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिन्दी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

# HISTORY

# इतिहास

# (315)

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 100

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

*Note* : (i) *All* questions are compulsory. Marks are indicated against each question.

(ii) Answer Question Nos. **1** to **4** in not more than *20* words each, Question Nos. **5** to **12** in not more than *80* words each and Question Nos. **13** to **17** in not more than *200* words each.

**निर्देश :** (i) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं।

(ii) प्रश्न संख्या **1** से **4** तक के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर *20* शब्दों में, प्रश्न संख्या **5** से **12** तक के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर *80* शब्दों में और प्रश्न संख्या **13** से **17** तक के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर *200* शब्दों में दीजिए।

**1.** Name any *two* noted playwrights of ancient India. 2

प्राचीन भारत के किन्हीं **दो** प्रसिद्ध नाटककारों के नाम बताइए।

**2.** Name *two* taxes collected by Shivaji from neighbouring areas under his control. 2

अपने नियंत्रण के आसपास की भूमि पर शिवाजी जिन **दो** करों की वसूली करते थे उनके नाम बताइए।

**3.** To commemorate which event was the Buland Darwaza built? 2

किस घटना की याद में बुलन्द दरवाज़ा बनवाया गया था?

**4.** What lesson did the Indians learn from the Ilbert Bill Controversy? 2

इलबर्ट बिल विवाद से भारतवासियों ने क्या पाठ पढ़ा?

**5.** Describe the importance of the Harappan Seals. 4

*OR*

What are Upanishads? Give the names of any *two* Upanishads.

हड़प्पन मुहरों के महत्व का वर्णन कीजिए।

*अथवा*

उपनिषद् क्या हैं? किन्हीं **दो** उपनिषदों के नाम बताइए।

**6.** State any *four* moral ideals of Buddhism. 4

*OR*

Describe the contribution of Jainism in the field of literature.

बौद्ध-धर्म के किन्हीं **चार** नैतिक आदर्शों का उल्लेख कीजिए।

*अथवा*

साहित्य के क्षेत्र में जैन-धर्म के योगदानों का वर्णन कीजिए।

**7.** Describe the political achievements of Muhammad Ghori. 4

*OR*

What measures were taken by Balban for restoring law and order in the region of Delhi?

मुहम्मद गोरी की राजनीतिक उपलब्धियों का वर्णन कीजिए।

*अथवा*

दिल्ली क्षेत्र में कानून तथा शान्ति स्थापित करने के लिए बलबन ने क्या उपाय किये थे?

**8.** What were the main aims of the reforms of Alauddin Khilji? 4

*OR*

Who was Zain-ul-Abidin? Mention any *two* of his achievements.

अलाउद्दीन खलजी के सुधारों के मुख्य उद्देश्य क्या थे?

*अथवा*

जैन-उल-अबेदीन कौन था? उसकी किन्हीं **दो** उपलब्धियों का उल्लेख कीजिए।

**9.** Explain the significance of Babur's advent to India. 4

*OR*

What is meant by *Tauhid-i-Ilahi*? What were its main objectives?

बाबर के भारत आगमन का महत्व क्या था? इसकी व्याख्या कीजिए।

*अथवा*

'तौहीद-ए-इलाही' से क्या अभिप्राय है? इसके मुख्य उद्देश्य क्या थे?

**10.** Who was Malik Ambar? What were the reasons for the conflict between him and the Mughals? 4

*OR*

Describe any *four* features of Shivaji's Military Administration.

मलिक अम्बर कौन था? उसके और मुगलों के बीच संघर्ष के क्या कारण थे?

*अथवा*

शिवाजी की सैनिक व्यवस्था की किन्हीं **चार** विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

**11.** Why did Lord Wellesley introduce the Policy of Subsidiary Alliance? 4

*OR*

Explain any *four* factors responsible for the ruin of Indian handicrafts.

लॉर्ड वेलेज़ली ने सहायक सन्धि व्यवस्था का आरम्भ क्यों किया?

*अथवा*

भारत के हस्तकला उद्योग के पतन के किन्हीं **चार** उत्तरदायी कारकों की व्याख्या कीजिए।

**12.** Name any *two* modern Indian leaders who fought against caste system and untouchability. Mention *one* contribution each of these two leaders. 4

*OR*

State the main principles of the Brahmo Samaj.

आधुनिक भारत के किन्हीं **दो** नेताओं के नाम बताइए जिन्होंने जातिप्रथा और अस्पृश्यता के विरुद्ध संघर्ष किया। इस क्षेत्र में इन दोनों नेताओं के **एक-एक** योगदान का उल्लेख कीजिए।

*अथवा*

ब्रह्म समाज के मूल सिद्धान्तों का वर्णन कीजिए।

**13.** Why was Nalanda well-known during Harsha's reign? Explain its importance. 10

*OR*

Examine the main features of the religious beliefs of the people during Gupta Age.

हर्ष के शासनकाल में नालन्दा किस लिए जाना जाता था? इसका महत्व बताइए।

*अथवा*

गुप्तकाल के धार्मिक जीवन की प्रमुख विशेषताओं की पुष्टि कीजिए।

**14.** "Indian culture is the product of interaction of many cultures."

In the light of the above statement examine the process of interaction between many cultures. 10

*OR*

Compare the main features of Gandhara and Mathura School of Art.

''भारतीय संस्कृति विभिन्न संस्कृतियों के सामंजस्य का प्रतिफल है।'' इस कथन के संदर्भ में विभिन्न संस्कृतियों के बीच आदान-प्रदान की प्रक्रिया की चर्चा कीजिए।

*अथवा*

गांधार और मथुरा कला-शैली की मुख्य विशेषताओं की तुलनात्मक आलोचना कीजिए।

**15.** Explain *two* features of each of the following Mughal monuments : 10

(*a*) Humayun's Tomb

(*b*) Ibadatkhana

*OR*

Examine the main features of extensive inland and foreign trade during the Sultanate Period.

निम्नलिखित **दो** मुगल इमारतों की विशेषताओं की चर्चा कीजिए :

(क) हुमायूँ का मकबरा

(ख) इबादतखाना

*अथवा*

सल्तनत काल में विकसित देशी और विदेशी व्यापार की मुख्य विशेषताओं का परीक्षण कीजिए।

**16.** Examine the causes of the failure of the Revolt of 1857. 10

*OR*

Why was the Cabinet Mission sent to India by the British Government? Explain its main recommendations. What was the reaction of the Congress and Muslim League to these recommendations?

1857 के विद्रोह की असफलता के कारणों की समीक्षा कीजिए।

*अथवा*

ब्रिटिश सरकार ने कैबिनेट मिशन को भारत क्यों भेजा? इस मिशन के मुख्य प्रस्तावों की व्याख्या कीजिए। इन प्रस्तावों के प्रति काँग्रेस और मुस्लिम लीग की क्या प्रतिक्रिया थी?

**17.** What is meant by Communalism? Analyse its evil effects on national unity. 10

*OR*

"Kashmir issue has remained the main source of conflict between India and Pakistan." Justify the statement with arguments.

साम्प्रदायिकता से क्या अभिप्राय है? राष्ट्रीय एकता पर इसके बुरे प्रभावों का विश्लेषण कीजिए।

*अथवा*

''भारत और पाकिस्तान के तनाव का मुख्य केन्द्र काश्मीर है।'' तर्कसहित इस कथन को सिद्ध कीजिए।

**18.** On the given outline map of India, mark the following : 10

*(a)* *Ancient India*

*(i)* Extent of Harappan Culture

*(ii)* Banwali, Rupar, Kalibangan, Lothal, Alamgirpur

*OR*

*(b)* *Medieval India*

*(i)* Extent of Alauddin Khilji's Empire

*(ii)* Deogiri, Ujjain, Ranthambhor, Agra, Kanauj

*OR*

*(c)* *Modern India*

*(i)* India in 1856 AD—extent of British Empire

*(ii)* Delhi, Agra, Lahore, Patna, Benares

दिए गए भारत के रेखामानचित्र पर निम्नलिखित को चिह्नित कीजिए :

(क) **प्राचीन भारत**

*(i)* हड़प्पा सभ्यता की सीमाएँ

*(ii)* बानवाली, रूपार, कलिबंगन, लोथल, आलमगीरपुर

*अथवा*

(ख) **मध्यकालीन भारत**

*(i)* अलाउद्दीन खलजी के साम्राज्य की सीमाएँ

*(ii)* देवगिरि, उज्जैन, रणथम्भोर, आगरा, कनौज

*अथवा*

(ग) **आधुनिक भारत**

*(i)* ई० 1856 के भारत-ब्रिटिश साम्राज्य की सीमाएँ

*(ii)* दिल्ली, आगरा, लाहौर, पटना, बनारस

*Note* : The following Question is for the *Blind Candidates* only in lieu of Question No. **18**.

**नोट :** नीचे दिया गया प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए, प्रश्न संख्या **18** के स्थान पर है।

Describe the role of Balgangadhar Tilak in India's struggle for freedom. 10

भारत के स्वाधीनता संघर्ष में बालगंगाधर तिलक की भूमिका का वर्णन कीजिए।

★ ★ ★